www.wagadsandesh.com

Tital Code RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

सम्पर्क
ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-222 | सागवाड़ा, मंगलवार, 19 अप्रैल, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## लड़की बोली, शादी करने डरा धमका रहे, मना किया तो 31 लाख का दंड लगाया

### ये भी नहीं भरा तो घर का हुक्का-पानी बंद करने धमकाया, 9 आरोपी नामजद

**डूंगरपुर।** रामसागड़ा थाना क्षेत्र के लोडवाड़ा गांव में एक लड़की पर शादी करने का जबरन दबाव डालने का मामला सामने आया है। लड़की ने शादी करने से मना किया तो उसके माता -पिता को पिटा और 31 लाख रुपए का दंड लगा दिया। ये दंड नहीं देने पर उसके घर का हुक्का - पानी बंद करने के लिए धमकाया। लड़की की रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

रामसागड़ा थाने के एएसआई प्रवीण सिंह ने बताया की लोडवाडा निवासी जागृति लबाना (20) ने केस दर्ज करवाया है। जागृति ने बताया की उसके सौतेले भाई किशोर लबाना की शादी साकरचंद लबाना निवासी माडा की बेटी मना के साथ करवाई है। इसके बदले साकरचंद उसके बेटे राजेंद्र लबाना की शादी उसके साथ जबरन करने के लिए दबाव बना रहे है।

शादी करने से मना करने पर इसके सौतेला भाई किशोर भी उनका साथ दे रहा है। साकरचंद समेत उसके परिवार के सभी लोग उसके माता- पिता को डरा धमका रहे है और जबरदस्ती शादी करवाने का प्रयास कर रहे है। लड़की ने बताया की 28 मार्च को कुछ लोग उसके घर पर आए और शादी के लिए मना करने पर उसकी मां इंद्रा देवी के साथ मारपीट की। मां का मोबाइल भी तोड़ दिया। सोने की चैन छीनने का प्रयास करते हुए जान से मारने का प्रयास किया।

इसके बाद 30 मार्च को बड़ी संख्या में लोग उसके घर पर आए और शादी करवाने के लिए उसके परिवार को डराया धमकाया। इस बार भी मना किया तो 31 लाख रुपए का दंड लगा दिया। वहीं शादी भी नही करने और दंड भी जमा नहीं करवाने पर उसके घर का हुक्का पानी बंद करने की धमकियां दे रहे है।

लड़की ने इस पूरे घटना को लेकर एसपी को शिकायत की। इस पर एसपी ने रामसागडा थाना पुलिस को जांच करते हुए कार्रवाई के आदेश दिए है।

वही पुलिस ने मामले में किशोर लबाना निवासी लोडवाडा, साकरचंद लबाना निवासी माडा, राजेंद्र लबाना, अंबालाल लबाना, वालचंद लबाना, मंजू देवी लबाना, मना देवी लबाना, रमेश लबाना, हितेश लबाना के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले के थाने के हेड कांस्टेबल रमेशचंद्र की ओर से जांच की जा रही है।

## संकीर्तन यात्रा निकाली

**सागवाड़ा।** योग वेदांत सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को पेंशनर भवन सागवाड़ा से संकीर्तन यात्रा निकाली गई। एसडीएम कार्यालय के पास स्थित पेंशनर भवन से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न झांकियों के साथ सिर पर टोपी और हाथों में धर्म ध्वजा लेकर संत आसाराम बापू के जन्मोत्सव पर संकीर्तन यात्रा निकाली गई। श्रद्धालुओं ने बापू निर्दोष है लिखी सोफिया पहनी हुई थी। वही हाथों में जय श्री राम लिखे भगवा ध्वज हाथों में लिए हुए थे। संकीर्तन यात्रा पेंशनर भवन से गोल चौराया, सदर बाजार, मांडवी चौक, पोल का कोटा, कलालवाड़ी होते हुए वापस पेंशनर भवन पहुंची। संकीर्तन यात्रा में जिला प्रमुख सूर्या अहारी, बलवीर अहारी, योग वेदांत समिति के अध्यक्ष रमेश, रामजी वान्दरवेड, रजनीकांत भट्ट, गजानंद व्यास, राजेंद्र व्यास, शैलेश जोशी समेत सैकड़ों की तादाद में संत आसाराम के समर्थक मौजूद रहे।

## जीप की टक्कर से बाइक सवार 2 चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

**डूंगरपुर।** जिले के चौरासी थाना क्षेत्र में गोरादा घाटा के पास जीप की टक्कर से बाइक सवार 2 चचेरे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मृतक अपने बड़े भाई की शादी की रस्म के तहत दुल्हन को श्रृंगार का सामान भेंट कर लौट रहे थे। हादसे के बाद शादी वाले घर मे मातम छा गया। चौरासी थाने के हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह ने बताया की भादर फला बेडूआ निवासी जीवतराम पारगी की आज मंगलवार को शादी होने वाली थी। बारात लाडोर गांव जाने वाली थी। कल सोमवार शाम के समय दूल्हे जीवतराम का छोटा भाई चंदूलाल पारगी, चचेरा भाई सोहन पारगी, काका बसु पारगी व देवा कुल 4 लोग दो अलग - अलग बाइक पर लाडसोर दुल्हन के घर श्रृंगार का सामान देने गए थे। देर रात को सामान देकर वापस लोट रहे थे की गोरादा घाटा के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार जीप ने सोहन व चंदूलाल की बाइक को टक्कर मार दी। इससे बाइक गोरादा घाटा में 20 फीट गहरी खाई में जा गिरी। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुची ओर दोनो के शव को हॉस्पिटल के मोर्चरी में रखवाया गया। बसु पारगी की रिपोर्ट पर जीप चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार के दो बेटो की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल छा गया। घर में शादी की खुशियां भी गमगीन हो गई। वही जीवतराम की आज होने वाली शादी की भी कुछ दिनों के लिए टाल दिया गया है।

## बाइक सवार बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल

**सागवाड़ा।** सागवाड़ा ओबरी रोड पर खीरेश्वर के पास एक बाइक सवार बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सागवाड़ा की राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार अंबाडा निवासी दिलीप पुत्र रमेश को आहारी बाइक से गांव में गया था, वापसी में घर जाते वक्त बाइक असंतुलित होकर नीचे गिर गया जिससे उसे गंभीर चोटें आई परिजनों ने उसे सागवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया।

## मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों को लेकर अधिकारियों ने किया सभा स्थल का निरीक्षण

सागवाड़ा। श्री गुजराती पाटीदार समाज जिला डूंगरपुर बांसवाड़ा का महासम्मेलन ज्ञानपुर में 24अप्रैल को आयोजित हो रहा है। सम्मेलन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सभा प्रस्तावित होगी। इस दौरान निवर्तमान जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया के निर्देशन में प्रशासन एवं समग्र पाटीदार समाज राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डायल पाटीदार, ज्ञानपुर गुजराती पटेल समाज के अध्यक्ष गौतम लाल पाटीदार सहित युवाओं की टीम गहलोत के दौरे को लेकर तैयारियों में जुटी हुई हैं। वहीं मंगलवार को सागवाडा उपखंड अधिकारी राजीव त्रिवेदी, तहसीलदार मयूर शर्मा, डिप्टी नरपत सिंह, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण, अभियंता सहायक अभियंता रमेश पाटीदार सहित विभागीय अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की सभा स्थल, हेलीपैड, पार्किंग सहित कई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। द्विवेदी ने अधीनस्थ सभी विभागों के अधिकारियों को व्यवस्था के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सम्मेलन के लिए शानदार विशाल पंडाल बनाया जा रहा है। सम्मेलन में समाज के तकरीबन 15 हजार लोग शिरकत करेंगे।

## पादरड़ी बड़ी में उत्तम केरियर मार्गदर्शन शिविर आयोजित




**सागवाड़ा।** पादरड़ी बड़ी में स्व. उत्तम व्यास की स्मृति में दीनदयाल कोष संस्थान एव लॉट्स पब्लिक सेकंडरी स्कूल के साझे में कार्यक्रम अयोजित हुआ। मूख्य अतिथि राजेन्द्र परमार (कराड़ा) थे। अध्यक्षता जयप्रकाश पंड्या असोडा ने की। विशिष्ट अतिथि भारतेंदु व्यास, लीला, लक्ष्मी देवी, प्रताप बलाई थे। स्वागत कमल व्यास ने किया। साथ ही स्वागत उद्बोधन नरेन्द्र व्यास ने दिया। करियर, शिक्षा, रोजगार शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही आगमी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के साथ बेरोजगार युवाओं को मार्गदर्शन दिया। परिचर्चा की 52 संभागीय ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन अरुण जोशी ने किया आभार रविन्द्र व्यास ने जताया

## आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध

## निजी अस्पतालों से बेहतर चिकित्सा सुविधाएं आमजन को करवाई जा रही हैं उपलब्ध:परसादी लाल मीणा



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। इसी कड़ी में ट्रोमा सेंटर के पास एसएमएस सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण किया गया है, जहां निजी अस्पतालों से भी बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मीणा ने मंगलवार को एसएमएस के सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के निरीक्षण के दौरान यह बात कही। उन्होंने सभी मंजिलों पर जाकर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा आमजन को उच्च स्तरीय व गुणवत्ता युक्त चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सात मंजिला यह ब्लॉक जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी का काम करेगा। मीणा को बताया गया कि प्रदेश के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल में पेट संबंधी सभी बीमारियों का इलाज सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक के भवन में एक ही छत के नीचे मिल सकेगा। नए ब्लॉक में चार विभागों को शिफ्ट किया जाएगा। ये सभी विभाग पेट संबंधी बीमारियों से जुड़े हैं, जिसमें नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, गेस्ट्रो इंट्रोलॉजी और एक नया विभाग हिप्टो पेनक्रिएटो बिलेरी सर्जरी शामिल है। स्वास्थ्य मंत्री को बताया गया कि ब्लॉक में मरीजों को भर्ती कर इसका ट्रायल रन शुरू कर दिया गया है। यहां गाल ब्लेडर, किडनी, यूरिन, पेनक्रियाज, पथरी सहित पेट से संबंधित बीमारियों का इलाज हो सकेगा। ब्लॉक में लिवर ट्रांसप्लांट से लेकर अत्याधुनिक आइसीयू की सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध हो सकेगी। ओपीडी से लेकर इमरजेंसी और ओटी तक की सुविधा इसी ब्लॉक में मिल सकेगी। 320 बेड वाले इस सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में 50 आइसीयू, 6 मॉडयूलर आपरेशन थिएटर, एमआरआइ मशीन, 7 एंडोस्कोपी मशीन, 45 डायलिसिस टेबल और मरीजों के परिजनों के लिए वेटिंग रुम भी है। निरीक्षण के दौरान सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुधीर भंडारी, अधीक्षक डॉ विनय मल्होत्रा, डॉ शिवम प्रियदर्शी व अन्य चिकित्सक व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रीट लेवल 1 की नियुक्ति से पूर्व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण किये जायें-शिक्षक संघ राष्ट्रीय

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश महामंत्री अरविंद व्यास ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत राजस्थान सरकार को पत्र लिखकर तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण रीट भर्ती लेवल वन की नियुक्ति से पूर्व करने की मांग की गई है।

संगठन के जिला अध्यक्ष बलवन्त बामणिया, जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया टीएसपी से नॉन टीएसपी तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण लंबे अंतराल से नहीं किए गए हैं जिससे अपने परिवार से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षक अपने इच्छित स्थान पर नहीं जा पा रहे हैं!

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ ऋषिन चौबीसा व संभाग संगठन मंत्री देवीलाल पाटीदार ने बताया कि प्रदेश के समस्त तृतीय श्रेणी शिक्षकों में रोष व्याप्त है तथा वे मानसिक रूप से बहुत ही प्रताड़ित हैं । खासकर टीएसपी से नॉन टीएसपी शिक्षको के स्थानांतरण को लेकर संगठन बार बार मांग कर रहा फिर सरकार द्वारा स्थानांतरण नही किये जा रहे है! वर्तमान में प्राप्त सूचनाओं के अनुसार तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल वन की नियुक्ति प्रक्रिया अति शीघ्र प्रारंभ होने वाली है! संगठन के राजेन्द्र सिंह वणवासा व भरत पाटीदार ने बताया कि जिन स्थानों पर शिक्षक अपने पदस्थापन की राह देख रहे हैं वहां पर रिक्त पद न होने से इन सभी शिक्षकों की आशाओं पर पानी फिर जाएगा शिक्षको में मायूसी के रोष व्याप्त है!

जिला संगठन मंत्री राजेन्द्र वरहात गोविंद कुँवर झाला व दक्षा कलाल ने बताया कि नियुक्ति प्रक्रिया से पूर्व में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण करने से एक और जहां अन्य जिलों में कार्यरत शिक्षकों को अपने गृह जिले में निकटतम स्थानों पर पदस्थापन मिल सकेगा वहीं दूसरी ओर स्थानीय जिले के नवनियुक्त शिक्षकों को भी अपने निकटतम स्थानों पर नियुक्ति का मौका मिलेगा।

संगठन के वासुदेव रोत, भारत सिंह राणावत, कल्पेश मेहता, देवेंद्र भट्ट, मनोहर मीणा, देवानंद उपाध्याय, मनोहर सिंह रेलड़ा, राजेन्द्र मीणा, किशोर सिंह सिसोदिया , रविप्रताप पारगी , सुदर्शन सिंह चौहान , शंकर बुनकर , सज्जन सिंह चौहान सहित जिले शिक्षको ने शिक्षको के तबादले करने की मांग करते हुए बताया कि शिक्षा विभाग ने अगस्त माह में लगभग 85000 शिक्षकों के ऑनलाइन आवेदन प्राप्त कर स्थानांतरण करने की घोषणा की थी लेकिन लंबे समय से स्थानांतरण नीति के बहाने तृतीय श्रेणी शिक्षक तबादलों का इंतजार कर रहे हैं । साथ ही संगठन सरकार से मांग करता है कि रीट भर्ती लेवल 1 की नियुक्ति से पूर्व महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में अधिशेष शिक्षकों एवं स्टाफिंग पैटर्न में अधिशेष शिक्षकों के भी पदस्थापन आदेश जारी कराएं ताकि उन्हें भी इच्छित स्थान मिल सकें तथा उसके पश्चात नव चयनित शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को आरंभ की जाए जिससे उन्हें भी अपने निकटतम स्थानों पर पदस्थापन का मौका मिल सकेगा।

## कार ने दो बाइक को टक्कर मारी चार जने गंभीर घायल

**सागवाड़ा।** गलियाकोट रोड पर पंचवटी स्कूल के पास गलियाकोट की तरफ से सागवाड़ा आ रही कार ने दो बाइक को टक्कर मार दी, जिस से दो बाइक सवार चार जने गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार उदयपुर माफी निवासी विजय पुत्र मोहन को अहारी, धूलजी पुत्र गोविंद पाटीदार बाइक पर सवार होकर सागवाड़ा की तरफ आ रहे थे। वहीं एक अन्य बाइक पर सवार अज्ञात व्यक्ति जिसका नाम दिलीप बताया जा रहा है, उसके साथ पाडलिया निवासी सारिका पुत्री रमेश अहारी दूसरी बाइक पर सवार होकर सागवाड़ा की ओर आ रहे थे।

मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार कार ने पहले दिलीप की बाइक को टक्कर मारी जिससे दिलीप की बाइक का आगे का पहिया निकल कर विजय और धूलजी की बाइक से टकरा गया जिससे उनका संतुलन बिगड़ने से वह भी नीचे गिर गए। दुर्घटना में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।

लोग वहां खड़े दुर्घटना के फोटो वीडियो बनाने में मशगूल से पर घायलों को उपचार के लिए भेजने की जहमत नही उठा रहा था। इस बीच अपनी कार से सागवाड़ा आ रहे हैं बच्चन भट्ट ने अपनी कार से तीनों घायलों को सागवाड़ा की राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां गंभीर घायल दिलीप की हालत ज्यादा खराब होने से प्राथमिक उपचार के बाद अन्यत्र रेफर कर दिया गया।

## सड़क हादसों में परिवारों का बिखरना अत्यंत दुखद सड़क सुरक्षा नियमों की हो कड़ाई से पालना : गहलोत



**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में सड़क हादसों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इनकी रोकथाम के लिए सड़क सुरक्षा नियमों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कई बार पूरा परिवार खत्म हो जाता है। इसकी पीड़ा वही महसूस कर सकता है जिसने हादसों में अपने प्रियजनों को गंवाया हो। गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा इनसे होने वाली जनहानि रोकने के लिए उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटना में होने वाली प्रत्येक मौत विचलित करने वाली होती है। प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में प्रतिवर्ष 10 हजार से अधिक व्यक्तियों की असामयिक मौत होना चिंता का विषय है। ऐसे में, हर व्यक्ति की जान को बचाना और सड़क दुर्घटनाएं रोकना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आधुनिक तकनीकों और अन्य राज्यों में हुए नवाचारों का उपयोग करते हुए ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने आदि पर सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही घटिया हेलमेट की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाएं। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस पूरे परीक्षण के बाद ही जारी किया जाए। गहलोत ने कहा कि सड़क हादसों पर रोकथाम के लिए विशेषज्ञों की एक टीम बनाकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन संचालन को सुरक्षित बनाने की दिशा में पहल की जाए। लोगों को नियमों की पालना के लिए जागरूक किया जाए। गहलोत ने प्रदेशवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति वाहन चलाते समय नियमों की आवश्यक रूप से पालना करे। यह उनके जीवन की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और वाहन चालन में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई करें, ताकि प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। अतिरिक्त मुख्य सचिव परिवहन अभय कुमार ने प्रस्तुतीकरण देते हुए बताया कि राज्य में वर्ष 2021 में 20 हजार 951 सड़क दुर्घटनाओं में 10 हजार 43 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि इनमें से 82 प्रतिशत तेज गति से वाहन चलाने, 5 प्रतिशत गलत दिशा में वाहन चलाने एवं 13 प्रतिशत मौतें नशे एवं मोबाइल फोन के उपयोग सहित अन्य कारणों से हुई हैं। उन्होंने सड़क सुरक्षा ऑडिट रिपोर्ट के संबंध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा, सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजनलाल जाटव, परिवहन राज्यमंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला, गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव, मुख्य सचिव ऊषा शर्मा, पुलिस महानिदेशक एमएल लाठर, प्रमुख शासन सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव पीडब्ल्यूडी नवीन महाजन, प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा वैभव गालरिया, एडीजी यातायात वीके सिंह, चिकित्सा सचिव डॉ. पृथ्वी राज, परिवहन आयुक्त केएल स्वामी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।